राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र : दिल्ली सरकार : दिल्ली जल बोर्ड
कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी : (आर0टी0आई) : निदेशक (राजस्व)
कमरा न0 413 : वरुणालय फेज – II : करोल बाग नई दिल्ली –110005
इस आदेश के अवलोनार्थ दिल्ली जल बोर्ड की बेवसाईट
www.delhijalboard.nic.in

क्रमांकः दि0ज0बो0 / प्र0अ0अ0(आर0टी0आई)अपील न0 1407 / 2015 / 12555 दिनांकः ~~02~~ 5.11.2015

श्री प्रेमपाल सिंह,
क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी (के0)– I,
दिल्ली जल बोर्ड,
झण्डेवालान, नई दिल्ली–110055

संयुक्त निदेशक (राजस्व)द0 / द0प0

आदेश

इस आदेश द्वारा श्री प्रेमपाल सिंह, के द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19 (1) के अधीन प्रस्तुत अपील दिनांक 01–08–2015 का निपटान किया गया।

दिनांक 28.10.2015 को अपील की सुनवाई की गई । नियत समयानुसार अपीलकर्त्ता श्री प्रेमपाल सिंह उपस्थित हुए एवं श्रीमती प्रवीन कुमारी, क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी (मु0), जनसूचना अधिकारी के प्रतिनिधि के रुप में उपस्थित हुए ।

प्रस्तुत अपील से पहले दिनांक 22.05..2015 को अपीलकर्त्ता ने जनसूचना अधिकारी के कार्यालय में एक प्रार्थनापत्र दिया था, जिस पर उचित कार्यवाही नहीं होने के कारण यह अपील दिनांक 03.08.2015 को दायर की ।

आर0 टी0 आई0 की अपील का अवलोकन करने से जाहिर होता है कि जनसूचना अधिकारी / सहायक जनसूचना अधिकारीं ने आर0 टी0 आई0 के प्रार्थनापत्र का उत्तर क्रमबद्व व पूर्ण रूप से नहीं दिया है । अपीलकर्त्ता ने अपील के दौरान बताया कि प्रश्न संख्या 8, 9, 10 एवं 11 का उत्तर स्पष्ट नहीं है और प्रश्न संख्या 12, 13 एवं 14 के उत्तर के साथ सम्बन्धित आदेश / परिपत्र की प्रतिलिपि नहीं दी गई । अतः जनसूचना अधिकारी को निर्देश दिया जाता है कि इस आदेश के पारित होने के सात दिन के अन्दर अपीलकर्ता को सभी आवश्यक प्रतिलिपियां प्रदान की जाएं । अपीलकर्त्ता को भी सुझाव दिया गया कि वे सम्बन्धित जनसूचना अधिकारी / सहायक जनसूचना अधिकारीं से मिलकर आवश्यक आदेश / परिपत्र की प्रतिलिपियां प्राप्त कर लें ।

उपरोक्तानुसार अपील का निपटान किया गया ।

यदि अपीलकर्त्ता प्रथम सूचना अधिकारी के आदेश अथवा प्रथम सूचना अधिकारी के आदेश पारित करने के उपरान्त जनसूचना अधिकारी के द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूचना से सन्तुष्ट नहीं हैं तो अपीलकर्त्ता द्वितीय सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग के समक्ष निम्नलिखित पते पर अपनी अपील पुनः कर सकता हैं :–

केन्द्रीय सूचना आयोग,
द्वितीय तल, बी–विंग,
अगस्त क्रान्ति भवन,
भीकाजी कामा प्लेस,
नई दिल्ली– 110066

ह0 / –
निधि श्रीवास्तव
प्रथम अपीलीय अधिकारी

5684
5/11/15

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. श्री प्रेमपाल सिंह, क्षेत्रीय राजस्व अधिकारी (के0)– I, दिल्ली जल बोर्ड, झण्डेवालान, नई दिल्ली–110055
2. संयुक्त निदेशक (राजस्व) म0